# सड़क हादसे : 5 माह में 467 सडक हादसे, 194 की मौत, 502 घायल

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 19 जून. जिले में वाहन चालकों के लिए सडक सुरक्षा एक गंभीर मुद्दा बन चुका है। हेलमेट की अनदेखी, नियमों को ताक पर रखना और तेज गति से वाहन चलाने के कारण सडक हादसों में तेजी से इज़ाफा हो रहा है।**

**वाहन चालक नहीं करते यातायात नियमों का पालन**

**तेज रफ्तार वाहन दौड़ाना हादसों की मुख्य वजह**

अभी 5 माह यानि जनवरी से मई तक 467 सडक हादसे हो चुके है। जिसमें 194 लोगों की जान चली गई, वहीं 502 घायल हुए है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण युवा बाइक सवारों के हेलमेट का उपयोग नहीं करने और लापरवाह तरीके से तेज रफ्तार बाइक दौड़ाने की आदतें, सडक दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बन रही हैं। सडक हादसे रोकने के लिए पुलिस और ट्रॉफिक पुलिस सड़क पर उतरकर लोगों को जागरूक भी करती है, मगर इसका कोई असर नहीं दिख रहा। कुछ वर्षों की बात की जाए को सबसे अधिक दुर्घटनाएं बाइक सवारों के कारण हुई, जो तेज रफ्तार और हेलमेट न पहनने के कारण गंभीर रूप से घायल हुए या अपनी जान गंवा बैठे। यातायात पुलिस का साफ कहना है, कि हेलमेट सुरक्षा का सबसे महत्वपूर्ण उपकरण है, खासकर बाइक सवारों के लिए। सड़क दुर्घटनाओं में सबसे अधिक जानलेवा चोटें सिर पर ही आती हैं। सिर पर गंभीर चोट लगने से दुर्घटना में मृत्यु का खतरा 60 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। यही कारण है कि हेलमेट पहनने को अनिवार्य किया गया है, लेकिन



शहर में हेलमेट पहनने की आदत बहुत कम है, जिससे हर वर्ष कई जानें चली जाती हैं। हेलमेट न पहनने के कारण हर वर्ष मृत्युदर और घायलों की संख्या बढ़ती जा रही है। यदि हेलमेट का सही तरीके से उपयोग किया जाए, तो यह सिर की सुरक्षा करता है और दुर्घटना के दौरान होने वाली चोटों को काफी हद तक कम करता है।

**जागरूकता की कमी या फिर जिंदगी से प्यार नहीं :** यातायात पुलिस के द्वारा वसूले गये जुर्माने की राशि बताती है कि किस तरह से लोग हेलमेट को नजरअंदाज कर रहे हैं और दोपहिया वाहन चालक हेलमेट लगाना पसंद नहीं कर रहे हैं, लेकिन ऐसे में सवाल यही है कि आखिर अर्थदंड होने के बाद भी लोग हेलमेट लगाना क्यों पसंद नहीं करते है। क्या जागरूकता की अभी भी लोगों में कमी है या फिर उन्हें अपनी जिंदगी से प्यार नहीं है। जब लोग गाड़ी खरीदते है, तब भी हेलमेट अनिवार्य रूप से दिया जाता है, लेकिन हेलमेट को लेकर लोगों में अभी भी जागरूकता की कमी है। जिले और शहर में कुछ सालों में वाहनों की संख्या में वृद्धि हुई है। सडकों पर ट्रॉफिक का दबाव बढ़ा है। सड़क हादसों में इजाफा हुआ है।

## जिले में सड़क हादसों की तीन बड़ी वजह

जिले में सड़क हादसों के पीछे तीन वजहों को मुख्य कारण माना जा रहा है। जिन्हें सुधारने की जरूरत है। पहली वजह यह कि बैतूल-खंडवा मार्ग का महुपानी मोड़, बरेठा घाट और ताप्ती घाट जैसे इलाके ब्लैक स्पॉट बन चुके हैं। यहां साइन बोर्ड, रंबल स्ट्रिप्स नहीं हैं। दूसरी वजह ट्रैक्टर-ट्रॉलियों, पिकअप, ट्रकों जैसे मालवाहक वाहनों में क्षमता से अधिक सवारियां बैठाना भी हादसों का कारण बन रहा है। वहीं तीसरी वजह जिले में ओवरलोडिंग और वाहन चलाते समय लापरवाही बरतना खास वजह है। लोग वाहनों की गति निर्धारित से अधिक रखते है। जिससे वजह स्वयं हादसों का शिकार होते है, साथ ही दूसरों को भी गंभीर रूप से चोटिल करते है। कई बार हादसों में लोगों की जान तक चली जाती है।

> सडक हादसों को कम करने के लिए समय-समय पर जागरूकता शिविर और पेम्पलेट, बैनर, पोस्टर सहित अन्य माध्यमों से वाहन चालकों को जागरूक करते है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्रवाही भी की जाती है, लेकिन इसके बाद भी वाहन चलाते समय लोग नियमों की अनदेखी और लापरवाही करते है। जिससे सडक हादसे होते है।
>
> **गजेन्द्र केन,** प्रभारी, यातायात पुलिस, बैतूल

### हेलमेट जरूरी, फिर भी इसे करते है नजरअंदाज

बढ़ती सडक दुर्घटनाओं को देखते हुए प्रशासन गंभीर है। आये दिन अभियान चलाकर ट्रॉफिक पुलिस हेलमेट न पहनने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाही करती है, लेकिन असर नजर नहीं आ रहा। बैतूल जिले की सडकों पर चालक बिना हेलमेट पहने धड़ल्ले से दो पहिया वाहन दौड़ाते हैं। पुलिस से बचने के लिए कई वाहन चालक हेलमेट साथ लेकर जरूर चलते हैं, लेकिन सिर पर नहीं पहनते। ऐसे में सवाल यही उठता है कि आखिर दुपहिया वाहन चालकों के लिए जब हेलमेट लगाना अनिवार्य है, फिर क्यों लोग अपनी आदत में सुधार नहीं ला रहे। पुलिस जब चेकिंग अभियान चलाती है तब लोग या तो जुर्माना भरते है या फिर पैरवी के लिए दौड़ लगाते हैं, लेकिन वाहन चलाते समय हेलमेट नहीं लगाते।

### एक नजर में

## परीक्षा खत्म होते ही कांग्रेस का मिशन युवा संवाद

**बैतूल।** पेपर लीक के मुद्दे पर कांग्रेस ने आक्रामक रणनीति अपनाते हुए सीधे युवाओं और उनके अभिभावकों के बीच पहुंचने का फैसला किया है। पिछले 12 वर्षों में नीट समेत 90 से अधिक प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों को मुद्दा बनाकर जिला कांग्रेस कमेटी 21 जून को आयोजित होने वाली नीट परीक्षा समाप्त होते ही जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों के बाहर संपर्क अभियान चलाएगी और केंद्र की मोदी सरकार को घेरने का प्रयास करेगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक निलय विनोद डागा ने युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के पदाधिकारियों से परीक्षा समाप्त होने के तुरंत बाद परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों के बीच पहुंचकर संवाद स्थापित करने की अपील की है। उनका कहना है कि प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता और युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों पर कांग्रेस लगातार आवाज उठाती रही है और अब इस विषय को सीधे छात्रों और पालकों तक ले जाया जाएगा। जिला संगठन महामंत्री ब्रजभूषण पांडे द्वारा जारी निर्देश के अनुसार 21 जून को शाम ठीक 5 बजे परीक्षा समाप्त होते ही सभी नामित पदाधिकारी अपने-अपने परीक्षा केंद्रों के बाहर मौजूद रहेंगे। वे परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों को पर्चे वितरित करेंगे, छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देंगे और कथित पेपर लीक प्रकरणों को लेकर केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाएंगे। प्रवक्ता एवं एनएसयूआई-युवा कांग्रेस प्रभारी लवलेश बब्बा राठौर ने कहा कि सभी पदाधिकारी परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावकों से सौहार्दपूर्ण संवाद स्थापित कर युवाओं की भावनाओं को मजबूती से सामने लाएं।

## रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**मुलताई।** ब्लॉक के ग्रामो में मलेरिया के प्रति आम जन को जागरूक करने के लिए शुक्रवार को जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज हुरमाड़े के निर्देश पर मलेरिया रथ का मुलताई अस्पताल भेजा गया। जिसे बीएमओ डॉ. गजेन्द्र मीणा द्वारा हरी मंडी दिखाकर विकासखण्ड के ग्राम कोल्हिया, हतनापुर, जामगांव, बरई, परमंडल एवं अन्य ग्रामों में रवाना किया।

## जिला स्तरीय रोजगार मेले में 112 विद्यार्थियों का हुआ चयन

**बैतूल।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अटल सभागार में युवा संगम 2026 के अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप रोजगार मेले का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन जिला प्रशासन, जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आईटीआई बैतूल तथा स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ बैतूल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। शिविर में 236 युवाओं ने पंजीयन कराया, जिनमें



96 छात्राएं एवं 140 छात्र शामिल थे। रोजगार मेले में प्रारम्भिक रूप से 112 विद्यार्थियों का चयन किया गया तथा उन्हें ऑफर लेटर प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष घनश्याम मदान ने युवाओं को स्वरोजगार की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि युवाओं को केवल रोजगार प्राप्त करने वाला नहीं, बल्कि रोजगार प्रदान करने वाला बनना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉ. अनीता सोनी ने कहा कि युवा प्रत्येक क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर सकते हैं। इसके लिए उनमें अपने लक्ष्य के प्रति जुनून, समर्पण तथा निरंतर प्रयास की भावना होना आवश्यक है। जिला रोजगार अधिकारी डॉ. श्याम कुमार धुर्वे ने बताया कि भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन द्वारा युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के विभिन्न अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे वे अपने भविष्य को सुरक्षित एवं सशक्त बना सकें। जिला युवा संगम-2026 के अंतर्गत आयोजित इस रोजगार मेले में सागर मैन्युफैक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड रायसेन सहित विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों ने सहभागिता की।

## समृद्ध भारत के लिए जैविक खेती जरूरी : हेमंत

**बैतूल।** 12 साल विश्वास के, विकास के और जनकल्याण के अभियान के तहत भाजपा किसान मोर्चा द्वारा प्राकृतिक खेती से जुडी कार्यशाला कृषि विभाग के सहयोग से बैतूलबाजार कृषि विज्ञान केन्द्र में संपन्न हुई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि जैविक और प्राकृतिक खेती से सिर्फ किसान ही समृद्ध नही होगें बल्कि पूरा देश भी समृद्ध होगा। प्राकृतिक और जैविक खेती से किसानो की लागत 40 प्रतिशत तक कम होगी। जिससे देश की जी.डी.पी बढेगी जो आत्म निर्भर



भारत से विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में मील का पत्थर साबित होगी। श्री खंडेलवाल ने कहा कि प्राकृतिक और जैविक खेती में हमारा जिला पूरे प्रदेश में अव्वल रहे ऐसे प्रयास हम सबको मिलकर करने होगें। कार्यशाला को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि प्राकृतिक खेती से जैविक उत्पादो का निर्यात बढेगा जिससे किसान आर्थिक रूप से सक्षम होगा। कम पानी और कम लागत से खेती होगी।

## माता पिता के साथ मारपीट करने वाले पुत्रो को कारावास

**मुलताई।** थाना क्षेत्र के ग्राम भिलाई में माता पिता क पालन पोषण ना करते हुए उनके साथ मारपीट करने वाले पुत्रो को न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी मुलताई द्वारा 3-3 माह के कारावास एवं एक एक हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी करने वाली वरिष्ठ सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्रीमती मालिनी देशराज एवं सहयोगी शुभांगी मंगल ने बताया कि बीते 5 दिसंबर 2020 को फरियादिया ने थाने में रिपोर्ट लिखाई कि उसके बड़े बेटे गजानंद ने और अमरलाल ने भिलाई स्थित 12 एकड़ भूमि कब्जा कर लिया है और हम माँ बाप को अलग कर दिया है ,हमारा भरण पोषण भी दोनो नही कर रहे है । हम वृध्द राशन पानी अनाज, दवा के लिये खर्चा मांगते है तो लड़ झगड़ कर मारते पीटते है घर से बाहर कर देते है सबसे छोटा बेटा मजदूरी कर जैसे तैसे खाने की व्यवस्था कर पाता है मजदूरी नहीं मिलने पर हम बुढा बुढिया को भूखे पेट रहना पडता है हम बहुत लाचार हो गये हम दोनो से ठीक से चल पाना भी असंभव हो गया है आसपास के लोगो से मांग कर खाने पर अमरलाल हमे गंदी गंदी गालिया मारपीट पीटता एवं गला दबाकर मार डालने की धमकी देता है।

## शिक्षक के जीवन पर दीपमालिका ने लिखी किताब

**भैंसदेही।** नगर के वार्ड क्रमांक 15 में रहने वाले प्रहलाद कोसे की 23वर्षीय सुपुत्री दीपमालिका जो स्वयं एक निजी शिक्षण संस्थान में अध्यापन का कार्य करती है ने शिक्षक के जीवन और उसमें होने वाले संघर्षो , चुनौतियां और अनुभव के साथ साथ प्राप्त होने वाली सफलता , सम्मान और संतोष को महसूस करते हुऐ ए टाल आफ ए टीचर शीर्षक से 60 पृष्ठो की एक किताब लिख डाली। दीपमालिका बचपन से ही अध्ययन कार्य में लगनशील अनुशासित और पढ़ाई में हमेशा अव्वल रहने वाली छात्रा रही है। इनके पिता प्रहलाद कोसे नगर में एक चाय की गुमठी चलाते हैं । दीपमालिका का द्वारा लिखी इस किताब का प्रकाशन केरल के अक्षरा पब्लिकेशन ने हिन्दी भाषा में बड़े ही सुसज्जित ढंग से किया है।इस किताब में स्वयं को एक आदर्श और अनुशासित शिक्षक साबित करने में शिक्षक के जीवन की व्यथा और कथा का सुंदर वर्णन देखने मिलता है , किताब में प्रारंभ से अंत तक पाठक की जिज्ञासा और रूचि बनी रहती है,और लेखन शैली भी सरल है,जो दीपमालिका के इस प्रयास को एक अचछे लेखक की श्रेणी में रखती है , दीपमालिका ने इस किताब के लेखन को लेकर हुई बातचीत में बताया की किताब लिखने का का विचार मन में लंबे समय से था लेकिन सही मार्गदर्शन और आत्मविश्वास में कुछ कमतरता के चलते यह लंबित हो रहा था, लेकिन जिस स्कूल में दीपमालिका अध्यापन का कार्य करती है, वहां के छात्र आर्यन नामदेव जो स्वयं भी एक लेखक हैं ने सहयोग किया और यह किताब प्रकाशित हो गयी ,इस किताब की कहानी में मुख्य पात्र तपस्या और ज्योति को केन्द्र में रखकर लिखी गयी किताब के विषय में पूछने पर दीपमालिका ने बताया कि एक शिक्षक का जीवन केवल पाठ पढ़ाने तक सीमित नहीं होता बल्कि बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए हर दिन स्वयं को समर्पित करता है।

## चेक बाउंस मामले के आरोपी को डेढ़ साल का कारावास

**मुलताई।** युवक द्वारा सेन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया शाखा मुलताई से लिया गया 10 लाख रुपए का ऋण वापस नही करना महंगा पड़ा। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मुलताई ने आरोपी युवक को डेढ़ साल के साधारण कारावास से दंडित किया है, वहीं आरोपी को आदेशित किया है कि बैंक को ब्याज सहित 12 लाख 31हजार 544 रुपए जमा करे। अधिवक्ता सुनील बिहारिया ने बताया आरोपी दानिश पिता विश्वनाथ सुपटकर निवासी शास्त्री वार्ड मुलताई ने सीसी लिमिट मुद्रा योजना के अंतर्गत सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा मुलताई से 24 मार्च 2021 को 10 लाख रुपए का ऋण लिया था तथा ऋण की राशि नियत अवधि में अदा करने का करार किया था लेकिन ऋण राशि नियत अवधि में अदा करने में असफल रहा,आरोपी द्वारा प्राप्त ऋण मय ब्याज के 10 लाख 63 हजार 969 रुपए हो चुका है, जो बकाया है। आरोपी को व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर ऋण राशि चुकता करने को कहा गया लेकिन ऋण राशि अदायगी में आनाकानी करता रहा और बार-बार ऋण राशि मांग किये जाने पर आरोपी द्वारा परिवादी बैंक के पक्ष में बीते 6 सितम्बर 2024 को 10लाख 63हजार 969 रुपए का सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा मुलताई स्थित अपने खाते का हस्ताक्षर कर प्रदान किया था।

## युवाओं का दल महाकौशल भ्रमण के लिए रवाना

**बैतूल।** मध्यप्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग की महत्वाकांक्षी मां तुझे प्रणाम योजना के अंतर्गत जिले के युवाओं का एक दल महाकौशल अंचल के ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थलों के भ्रमण के लिए शुक्रवार को जबलपुर के लिए रवाना हुआ। इस योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं में साहस, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण की भावना जागृत करना है। युवा दल की रवानगी के अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, कृष्णा गायकी, चाणक्य राखड़े ने हरी झंडी दिखाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष





हंसराज धुर्वे ने युवाओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि माँ तुझे प्रणाम योजना मध्यप्रदेश शासन की एक अनूठी पहल है, जो युवाओं को हमारी सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्र प्रेम से जोड़ती है। कृष्णा गायकी ने युवाओं से इस भ्रमण से प्राप्त अनुभवों को अपने जीवन में उतारने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। जिला खेल अधिकारी श्रीमती पूजा कुरील ने यात्रा की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि तीन दिवसीय इस भ्रमण कार्यक्रम की शुरुआत 19 जून से हुई है।

## घोड़ाडोंगरी विधायक ने सीसी रोड और सत्संग हॉल की घोषणा

**बैतूल।** अधिक मास के पावन अवसर पर रानीपुर आश्रम की आध्यात्मिक धरा को विकास की बड़ी सौगात मिली है। घोड़ाडोंगरी विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती गंगाबाई उइके ने मुख्यमंत्री विशेष निधि से कुल 50 लाख रुपए की लागत के दो महत्वपूर्ण विकास कार्यों की घोषणा करते हुए मानव विज्ञान अनुसंधान केंद्र स्थित माधव गौशाला परिसर और पूज्य निक्कू दास बाबा की तपस्थली को नई पहचान देने की पहल की है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या और क्षेत्र में लगातार बढ़ रही आस्था को देखते हुए 25 लाख रुपए की लागत से सीसी सड़क तथा 25 लाख रुपए



की लागत से भव्य सत्संग हॉल का निर्माण कराया जाएगा। विधायक गंगाबाई उइके अद्वैत पंचायती नया उदासी अखाड़ा, श्री श्री 1008 निक्कुदास जी महाराज तपस्थली, श्री हनुमान जी महाराज सिद्धकुटी एवं माधव गौशाला परिसर में आयोजित देव प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, श्री रामचरितमानस महायज्ञ और अखंड श्री सीताराम नाम संकीर्तन समारोह में शामिल होने पहुंचीं। उन्होंने यज्ञ भगवान के दर्शन-पूजन कर यज्ञशाला की परिक्रमा की तथा अखंड श्री सीताराम नाम संकीर्तन में सहभागिता करते हुए अखंड धूने के दर्शन कर उपस्थित संत-महात्माओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान विधायक ने आश्रम में माहभर से चल रहे धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजनों की सराहना करते हुए कहा कि रानीपुर आश्रम सनातन संस्कृति, जीवंत गौसेवा, आध्यात्मिक जागरण और सामाजिक समरसता का सशक्त केंद्र बन चुका है। उन्होंने कहा कि मानव विज्ञान अनुसंधान केंद्र तक श्रद्धालुओं की सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री विशेष निधि से 25 लाख रुपए की लागत से सीसी सड़क का निर्माण कराया जाएगा।

**शिविर** कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री सहित जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

## चिकित्सालय में जागरूकता, परामर्श एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

**बैतूल।** विश्व सिकल सेल एनीमिया दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय बैतूल में शुक्रवार को सिकल सेल एनीमिया के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने, रोगियों को परामर्श प्रदान करने तथा स्वास्थ्य परीक्षण के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन हेतु जनभागीदारी को बढ़ावा देना तथा नागरिकों को समय पर जांच एवं उपचार के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री दुर्गादास उइके, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख, जिला विकास





सलाहकार समिति सदस्य सुधाकर पवार सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने सहभागिता की। अतिथियों ने सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन के लिए जिले में संचालित गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की तथा उपस्थित नागरिकों को जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. अंकिता सीते द्वारा बैतूल जिले में संचालित सिकल सेल नियंत्रण एवं उन्मूलन कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। उन्होंने जिले में अब तक किए गए स्क्रीनिंग कार्य, रोगी पहचान, फॉलोअप व्यवस्था, उपचार सेवाओं तथा जनजागरूकता गतिविधियों की उपलब्धियों से अतिथियों को अवगत कराया। इस अवसर पर सिकल सेल की त्वरित एवं सटीक जांच में उपयोगी गैज़ेल मशीन का प्रदर्शन किया गया। अतिथियों ने मशीन की कार्यप्रणाली का अवलोकन कर इसकी उपयोगिता की सराहना की। विधायक श्री हेमंत खंडेलवाल एवं डॉ. योगेश पंडाग्रे ने अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में सिकल सेल जांच सुविधाओं को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विधायक निधि के माध्यम से गैजेल मशीन उपलब्ध कराने के लिए सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया। शिविर के दौरान 61 सिकल सेल रोगी फॉलोअप एवं स्वास्थ्य परीक्षण के लिए उपस्थित हुए, जिन्हें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श, आवश्यक जांच एवं उपचार संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। रोगियों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, दवा सेवन, टीकाकरण तथा जटिलताओं की रोकथाम के संबंध में जानकारी दी गई। सिकल सेल उन्मूलन अभियान में युवाओं एवं समाज की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से 5 सिकल मित्र नामित किए गए। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित एनसीसी कैडेट्स को भी सिकल मित्र के रूप में जोड़ते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में सिकल सेल जागरूकता, स्क्रीनिंग तथा विवाह पूर्व सिकल सेल कार्ड मिलान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।

## ज्ञापन : शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता करे मुक्त

**बैतूल। मप्र शिक्षक संघ ने प्रधानमंत्री, केन्द्रीय शिक्षा मंत्री, मुख्यमंत्री, प्रदेश स्कूल शिक्षा मंत्री के नाम से 23 अगस्त 2010 को एनसीटीई द्वारा जारी टीईटी संबंधी अधिसूचना तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 29 मई 2026 के निर्णय के परिप्रेक्ष्य में वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को विधायी एवं नीतिगत संरक्षण प्रदान किए जाने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।**

इस संबंध में संघ के जिला अध्यक्ष दिलीप गीते ने बताया कि देशभर के लाखों शिक्षकों में वर्तमान समय में गहरी चिंता, पीड़ा एवं असुरक्षा की भावना व्याप्त है। इसका कारण 23 अगस्त 2010 को राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा जारी टीईटी संबंधी अधिसूचना तथा उसके संदर्भ में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 29 मई 2026 को दिए गए निर्णय से उत्पन्न परिस्थितियाँ हैं, जिनके कारण वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के सेवा अधिकार एवं भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका व्यक्त की जा रही है। जिला सचिव मदन यादव ने कहा कि संघ की मांग है कि 23 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त सभी शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से स्थायी रूप से मुक्त किया जाए, ऐसे शिक्षकों की सेवा, वरिष्ठता, पदोन्नति एवं अन्य सेवा लाभों का पूर्ण संरक्षण प्रदान किया जाए, आवश्यकता होने पर संसद में उपयुक्त विधायी संशोधन अथवा विशेष प्रावधान लाकर इस वर्ग को स्थायी राहत प्रदान की जाए, सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी कर शिक्षकों में व्याप्त असमंजस एवं असुरक्षा की स्थिति का तत्काल निराकरण किया जाए। ज्ञापन में कहा गया है कि देश के शिक्षक समुदाय को विश्वास है कि राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले इस वर्ग के साथ न्याय सुनिश्चित करने हेतु भारत सरकार संवेदनशीलता, दूरदर्शिता एवं न्यायपूर्ण दृष्टिकोण का परिचय देगी।